महत्त्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

श्री सांई तारा कॉम्पलेक्स, आई0ए0एस0 कॉलनी, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना 801503

(वेबसाईट–www.csbc.bih.nic.in)

विज्ञापन संख्या–01/2016(चालक सिपाही)

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा बिहार राज्य में वर्ष 2016 में बिहार पुलिस में चालक सिपाही पद की वर्तमान रिक्तियों (1577) से संबंधित विज्ञापन संख्या–01/2016 के क्रम में दिनांक–11.02.2017 से अभ्यर्थियों की शारीरिक जाँच–माप परीक्षण (PET) का आयोजन किया जायेगा । PET में सफल अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जाँच नियत तिथि को की जायेगी । तदोपरान्त योग्य पाए गए अभ्यर्थियों को वाहन चालन दक्षता परीक्षण हेतु बुलाया जायेगा ।

2. गृह आरक्षी विभाग की अधिसूचना संख्या 5344 दिनांक–15.07.2011 तथा अधिसूचना संख्या–1708 दिनांक–03.03.2014 के आलोक में चालक सिपाही की नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा नहीं ली जायेगी । मेधा सूची वाहन चालन दक्षता परीक्षा के आधार पर बनाई जाएगी ।

3. अभ्यर्थियों का शारीरिक क्षमता जाँच–माप परीक्षण (Physical Evaluation Test {PET}) में भाग लेना अनिवार्य होगा । जिसका आयोजन दिनांक–11 फरवरी, 2017 से शहीद राजेन्द्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय (पटना हाई स्कूल), गर्दनीबाग, पटना–800002 में किया जायेगा ।

4. अभ्यर्थियों की शारीरिक क्षमता जाँच–माप हेतु प्रवेश–पत्र दिनांक–21/01/2017 से पर्षद की वेबसाईट www.csbc.bih.nic.in पर Download हेतु उपलब्ध रहेगा । जो अभ्यर्थी किसी कारणवश अपना ई–प्रवेश–पत्र Download नहीं कर सकें वे दिनांक–07 फरवरी, 2017 एवं 08 फरवरी, 2017 को केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हॉल्ट के निकट), पटना–800001 स्थित कार्यालय से पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक अपना डुप्लिकेट प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं । स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा ।

5. शारीरिक जाँच–माप परीक्षण (PET) तथा अभिलेख सत्यापन में सफल अभ्यर्थियों को वाहन चालन दक्षता परीक्षण हेतु निर्धारित समय एवं स्थान की सूचना समाचार–पत्रों एवं पर्षद की वेबसाईट पर उपलब्ध करायी जायेगी । उक्त परीक्षणों में अभ्यर्थी का सम्मिलित एवं सफल होना अनिवार्य है, अन्यथा वे अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा ।

ह0/–

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार,पटना ।

ज्ञापांक–37/के0च0प0

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

श्री साईं तारा कॉम्पलेक्स, आई0ए0एस0 कॉलोनी,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना 801503

पटना, दिनांक–17.01.2017